## ग्राम पंचायत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2021 से 03/2023

## भाग-एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनाँक -07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 तक के दौरान ग्राम पचांयत प्रीणा में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे हैं :-**

**प्रधान**

| **क्रम संख्या** | **पदाधिकारी का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री अजीत कुमार | 01-04-2021 से 31-03-2023 |

**सचिव**

| **क्रम संख्या** | **सचिव का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुरेंदर कुमार | 01-04-2021 से 22-12-2021 |
| 2. | श्री छांगा राम | 22-12-2021 से 31-03-2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है, जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

| **क्र० स०** | **पैरा स०** | **गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार** | **राशि (₹ लाखों में)** |
|---|---|---|---|
| 01. | 6.2 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM),TSC एवं इंदिरा आवास योजना (IAY) के लाभार्थियों को जारी अनुदान राशियों का आबंटन न करने बारे। | 3.07 |
| 02. | 8.1 | निर्माण कार्य की समाप्ति उपरान्त पत्थरों का संदिग्ध/अनुचित क्रय अदायगी करने बारे। | 0.34 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03. | 8.3 | बिना M (XY) फॉर्म के अनुचित क्रय करने से सरकारी राजकोष को रॉयल्टी के तौर पर राजस्व की भारी वितीय हानि बारे। | 8.76 |
| 04. | 8.4 | प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) की सम्भावित वित्तीय हानि। | 4.37 |
| 05. | 8.5 | निर्माण कार्यों से सम्बन्धित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे। | 7.65 |
| 06. | 9.1 | पूर्व अवधि में निष्पादित किये निर्माण कार्यों के भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे। | 8.26 |
| 07. | 9.3 | रिलीफ अनुदान के अंतर्गत निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों व मिस्त्री को अधिक/अनुचित भुगतान करने बारे। | 0.14 |

## भाग- दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनाँक 30-03-2024 से 08-04-2024 तक ग्राम पंचायत प्रीणा के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2021-2022 | 05/2021 | 07/2021 |
| 2. | 2022-2023 | 09/2022 | 05/2022 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹6400/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु इसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को भेजने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/12 दिनाँक 08-04-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

ग्राम पंचायत प्रीणा द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

4 **(अ) स्वः-स्रोत व अनुदानः-** ग्राम पंचायत प्रीणा के अवधि 04/2021 से 03/2023 तक स्वः-स्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है: -

**1. स्वः-स्रोत (3rd /5th State FC)**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 561767.30 | 686687.00 | 1248454.30 | 1059057.00 | 189397.30 |
| 2022-23 | 189397.30 | 1447970.00 | 1637367.30 | 1136747.00 | 500620.30 |

**2. अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष (₹) | प्राप्ति(₹) | योग (₹) | व्यय(₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 5259159.37 | 16023834.51 | 21282993.88 | 17208839.51 | 4074154.37 |
| 2022-23 | 4074154.37 | 7934733.80 | 12008888.17 | 9238951.80 | 2769936.37 |

**नोट**: उपरोक्त स्वः-स्रोत के अंतर्गत अन्य अनुदान जैसे 3rd /5th स्टेट का पंचायत द्वारा एक बैंक खाता व एक ही रोकड़ बही में संधारण किया जा रहा है। (कृपया पूर्ण विवरण पैरा संख्या 10.3 पर देखें) जिससे कि उक्त स्वः-स्रोत की वास्तविक राशि को पृथक तौर पर नहीं दर्शाया जा सकता है।

**कुल योग (1 + 2) ₹500620.30 + ₹2769936.37 =₹3270556.67**

**(ब) ग्राम पचांयत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा (हि०प्र०)**

**दिनाँक 31/03/2023 को बैंक खातों में अन्तशेष का विवरण**

| क्र०स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2023 (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित्तायोग | 20110104019 | HPSCB Dharwala | **538594.00** |
| 2. | 14वां वित्तायोग | 99150100005967 | HPGB Dharwala | **57059.88** |
| 3. | SBM | 20110104018 | HPSCB Dharwala | **00** |
| 4. | IAY/RAY | 99151301503223 | HPGB Dharwala | **318250.35** |
| 5. | BRGF | 85328754137 | SBI Mehla | **42196.00** |
| 6. | VKVNY/ICDS | 17910107055 | HPSCB Chamba | **695206.03** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | MPLAD/MMGPY | 20110104475 | HPSCB Dharwala | **915036.95** |
| 8. | SDP/CRF VMJS etc. | 99151301503197 | HPGB Dharwala | **102017.00** |
| 9. | SABHA NIDHI/3rdState | 20110102718 | HPSCB Dharwala | **251852.30** |
| | | | Cash in hand | **0** |
| | | | **TOTAL** | **₹2920212.51** |

**अन्तर (अ-ब) ₹3270556.67- ₹2920212.51 = ₹350344.16**

## 5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹3.50 लाख का अन्तर :-

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत प्रीणा द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनाँक 31-03-2023 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹350344.16 का अन्तर बैंक पास बुक में कम शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनाँक 06-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।

अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 5.2 PRIYA SOFTWARE में संधारित लेखों तथा MANNUAL संधारित लेखों में राशि ₹1.02 लाख के अन्तर बारे :-

पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में e-PANCHAYT मिशन प्रोजेक्ट (MPP) प्रारम्भ की गई तथा जिसका क्रियान्वयन पंचायती राज विभाग हि०प्र० कर रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ हि०प्र० पंचायती राज नियम (सामान्य) 1997 के नियम 34 में वर्णित सभी रजिस्टरों को कागज़ रहित प्रणाली के अंतर्गत e-PANCHAYT में बदलने का कार्य भी पंचायती राज विभाग की प्राथमिकता है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा लेखों का अनुरक्षण मैनुअल तथा प्रिया सॉफ्टवेयर दोनों माध्यमों से किया जा रहा है तथा जो लेखे PRIYA सॉफ्टवेयर में बनाये गए थे वे

मैन्युअल रोकड़ बही लेखों व बैंक खातों से मेल नहीं खाते। दिनाँक 31-03-2023 को PRIYA सॉफ्टवेर व मेनुअल लेखों में निम्न विवरणानुसार राशि ₹1,02,656.49 का अन्तर पाया गया।

31-03-2023 को PRIYA सॉफ्टवेर व मेनुअल संधारित लेखों (रोकड़बही) में अन्तशेष

| | |
|---|---|
| 31-03-2023 को PRIYA SOFT. में संधारित रोकड़बही का अन्तशेष | **₹31,67,900.18** |
| 31-03-2023 को पंचायत द्वारा मेनुअल संधारित रोकड़बही का अन्तशेष | ₹**32,70,556.67** |
| **अन्तर** | **₹1,02,656.49** |

उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत सचिव द्वारा PRIYA सॉफ्टवेयर में आंकड़े सही ढंग से संधारित नहीं किये जा रहे हैं, जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु इसमें अनाधिकृत समायोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

इस सम्बन्ध में सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनाँक 06-04-2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। जिसके उत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि ऑनलाइन एवं मैन्युअल रोकड़ बही के अंतर का मिलान करके शीघ्र ही अनुपालना से विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि PRIYA सॉफ्टवेयर में आंकड़ों का संधारण किया जाना पंचायती राज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनिवार्य है। अत: दोनों अन्तर की छानबीन व पुनर्मिलान करके अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाए।

**6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹27.70 लाख का अवरोधन :-**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31-03-2023 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹2769936.37 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओ से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बन्धित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनाँक 06-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6.2 स्वच्छ भारत मिशन (SBM),सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान (TSC) एवं इंदिरा आवास योजना (IAY) के तहत जारी राशि ₹3.07 लाख का आबंटन न करने बारे :-**

ग्राम पंचायत प्रीणा के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत को TSC एवं SBM अनुदानों के तहत शौचालय निर्माण हेतु निम्न विवरणानुसार ₹270000 की सहायता राशि जारी की गई थी परन्तु पंचायत द्वारा इसे क्रमश: 6 व 9 वर्ष बीतने की उपरान्त भी सम्बन्धित लाभार्थियों को आबंटित नहीं किया गया। इसी प्रकार गृह निर्माण हेतु IAY योजना के तहत श्री सुखिया राम को जारी दूसरी क़िस्त ₹37500 भी पंचायत के खाते में शेष थी पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा।

| Sr.No Year | Grant | Particulars | Total Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1.2015 | TSC | 50 Nos. Individual Toilets @3000 | 150000 |
| 2.2019 | SBM | 10 Nos. Individual Toilets @12000 | 120000 |
| 3.2019 | IAY | 2nd Instalment for house construction Sh. Sukhiya Ram s/o Sh. Gorkhu | 37500 |
| **Total amount unutilized/undistributed till date (31-03-2023)** | | | **₹307500** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनाँक 05-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि SBM व TSC अनुदानों के तहत जारी राशि को सम्बन्धित लाभार्थियों द्वारा शौचालय न बाने के कारण प्रेषित नहीं किया जा सका एवं IAY के ताकत जारी दूसरी क़िस्त की राशि भी पंचायत खाते में पड़ी है क्योंकि लाभार्थी द्वारा घर का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया।

उक्त अनुदानों के तहत प्राप्त राशि को नियमानुसार व्यय/आबंटन हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया अन्यथा अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित संस्था को किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.45 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि समस्त राजस्व को नियमित व अबिलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई

व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत प्रीणा के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चूककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्नलिखित ₹45400 की राशि वसूली हेतु शेष थी।

| वितीय वर्ष | अथशेष (₹) | पंजीकृत परिवारों की संख्या | दर प्रति /परिवार (₹) | वर्ष के दौरान माँग (₹) | कुल योग (₹) | वर्ष के दौरान वसूली (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 53900 | 255 | 20 | 5100 | 59000 | 0 | 59000 |
| 2022-23 | 59000 | 282 | 50 | 14100 | 73100 | 27700 | 45400 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-13 दिनाँक 08-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्त राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करवाने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनाँक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनाँक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनाँक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्नविवरणानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹3025/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया है जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL/Rate | | राशि | BPL/Rate | | राशि (₹) | कुल राशि सामान्य व BPL(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without late fee (₹) | With Late Fee (₹) | | Without late fee (₹) | With Late Fee (₹) | | |
| 2021-22 | 13 | 04@200 | 2@400 | 1600 | 06@25 | 01@50 | 200 | 1800 |
| 2022-23 | 05 | 02@200 | 02@400 | 1200 | 01@25 | - | 25 | 1225 |
| **कुल योग** | **18** | **41@200** | **-** | **2800** | **09@25** | **-** | **225** | **3025** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-13 दिनाँक 08-04-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा।

अत: उपरोक्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**7.3 गृहकर की वसूली गई राशि ₹0.27 लाख को विलम्ब से जमा/दर्ज करवाने बारे :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत सचिव द्वारा राशि ₹27000 की वसूली अप्रैल, 2022 में की गई थी परन्तु इसमें से ₹5700 अक्टूबर, 2022 राशि ₹22000 मार्च, 2023 को रोकड़ बही में दर्ज की गई एवं बैंक में जमा की गई जोकि उक्त नियम की न केवल स्पष्ट अवहेलना है अपितु अत्यधिक विलम्ब के संस्थान को ब्याज की हानि उठानी पड़ी बल्कि इससे राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-07 दिनाँक 05-04-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि भविष्य में प्राप्त राशि को समय पर रोकड़ बही में दर्ज एवं बैंक में जमा करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: उक्त मामले एवं इस प्रकार के अन्य मामलों की आंतरिक स्तर पर जांच करके अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये एवं भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न हो कृत अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

**8.1 निर्माण कार्य की समाप्ति उपरान्त राशि ₹0.34 लाख की संदिग्ध/अनुचित क्रय अदायगी करने बारे :-**

ग्राम पंचायत प्रीणा के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा मनरेगा शीर्षक के अंतर्गत फ्लड प्रोटेक्शन कार्य कोटलू में निष्पादित किया गया जोकि पंचायत द्वारा विकास खण्ड कार्यालय जारी प्रपत्र-34, मस्ट्रोल एवं कार्यस्थल पर लगे साईन बोर्ड से पूर्णत: स्पष्ट है कि उक्त कार्य दिनाँक 15-12-2020 को पूर्ण/समाप्त किया जा चुका था परन्तु आगे अंकेक्षण अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा मै० सैनो सुपुत्र घोदी के बिल संख्या 184 दिनाँक 17-12-2020 को 18 क्यूबिक मीटर पत्थर 1900 की दर से राशि ₹34200 क्रय उक्त कार्य हेतु किया गया गया है जोकि संदिग्ध प्रतीत होता है।

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 07 दिनाँक 05-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि यह व्यय तत्कालीन सचिव द्वारा किया गया है इस राशि की प्रतिपूर्ति करके शीघ्र ही विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।

यह एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जोकि उच्चाधिकारियों के समक्ष विशेष तौर से लाई जाती है। अत: उक्त प्रकरण को ठोस तथ्यों के आधार पर न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खाते में शीघ्र जमा करवा दी जाये इस प्रकार के अन्य मामलों की विभागीय स्तर पर गहन जाँच की जाये तथा भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न हो यह भी सुनिश्चित किये जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

**8.2 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा सभी चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करना :-**

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की दैनिक कार्रवाई जैसे कि पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद, भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत प्रीणा के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी कार्य उक्त एप्लीकेशन में नहीं किया जा रहा है जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनाँक 06-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का इन्द्राज राष्ट्रीय सम्पति

निर्देशिका एप्लीकेशन में कर दिया जायेगा। कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.3 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से बिना M-फॉर्म के अनुचित क्रय करने से सरकार को रॉयल्टी के तौर पर राशि ₹8.76 लाख के राजस्व की भारी वित्तीय हानि :-**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स (कन्सेशन) एवं मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रान्सपोटेशन एन्ड स्टोरेज) नियमावली, 2015 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार विकास/निर्माण कार्यों पर उपयोग की जाने वाली सामग्री के लिए ठेकेदार/आपूतिकर्ता को खनन विभाग से अन्नापति प्रमाण पत्र/M-फॉर्म प्राप्त कर सम्बंधित पंचायत को देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग चम्बा के पत्र संख्या 902 दिनाँक 18-02-2022 के अंतर्गत समस्त विकास खंड कार्यालयों को संशोधित मूल्य अनुसार रॉयल्टी के सम्बन्ध में आदेश जारी किये गए थे।

परन्तु ग्राम पंचायत प्रीणा, विकास खण्ड मैहला, जिला चम्बा की अंकेक्षण अवधि 04/2021 से 03/2023 के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है। पंचायत द्वारा ठेकेदारों से अन्नापति प्रमाण पत्र/M-फॉर्म लिए बिना ही रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति ली गई है। जिससे कि न केवल अवैध खनन हुआ अपितु अनधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से क्रय करने के कारण सरकार को राशि ₹876221.54 (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) की रॉयल्टी की वित्तीय हानि भी हुई है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/04 दिनाँक 05-04-2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि नियमों की जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी की न तो कटौती की गई और न ही M फॉर्म लिए गए लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथा शीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का वित्तीय रिसाव हो रहा है अपितु इस प्रकार से अवैध खनन से सरकारी आदेशों की भी स्पष्ट अवहेलना की जा रही है। यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: इस अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 8.4 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹4.37 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे :-

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत प्रीणा के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि की खरीद गई थी एवं पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹9176283/- भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) किया गया था परन्तु उक्त आपूर्तिकर्ताओं के GST संख्या के अवलोकन में पाया गया कि अधिकतर फर्में रेत, बजरी एवं पत्थर के व्यवसाय हेतु अधिकृत नहीं है। लेकिन उक्त फर्मों द्वारा न केवल उक्त सामान की आपूर्ति की गई अपितु इनसे वस्तु एवं सेवा कर की कटौती भी की गई है एवं यह बिल प्रापर/कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल परफोर्मा बिल है जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹436966 की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

उक्त गम्भीर प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनाँक 05-04-2024 द्वारा सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त पत्र द्वारा सूचित कि उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंचायत से सामग्रियों पर GST ले लिया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया गया है या नहीं इस मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से शीघ्र ही अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमविरुद्ध किये गए भुगतानों पर देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त उक्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की नितांत आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार से सरकारी धन के दुरूपयोग एवं कर अदेयता के मामलों की सम्भावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

**8.5 कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर राशि ₹7.65 लाख के निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन एवं मापन पुस्तिका इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक ,तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत प्रीणा की नमूना लेखा परीक्षा के दौरान कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर निम्नविवरणनुसार करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन मापन पुस्तिका, उपियोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में उक्त स्तर पर किये गए कार्यों व उसमे प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| **क्रम संख्या अनुदान/** | **कार्य विवरण** | **स्वीकृत राशि (₹)** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 1.15th FC | कार्य: गंदा जल निकास नाली चमन हाउस से रतन हाउस | 65,000 | MB,UC, Estimate Work Order and Technical sanction order |
| 2.15th FC | कार्य : रास्ता निर्माण अननेहर से अवारकुड | 1,00,000 | do |
| 3.BASP Nov.2012 | कार्य : खेल मैदान GPS रैणा | 1,00,000 | do |
| 4.MGREGA | कार्य: क्रेट वर्क गुवाड़ घार | 5,00,000 | do |
| | **कुल योग** | **₹7,65,000** | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनाँक 05-04-2024 द्वारा पंचायत सचिव को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि उक्त कार्यो के समस्त अभिलेख कनिष्ट अभियंता के पास विकास खंड कार्यालय में पड़े है इसके अतिरिक्त तकनीकी स्तर के अन्य अभिलेख पंचायत रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है जिससे कि इन्हें अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं

किया जा सकता है। उत्तर तर्कसंगत नहीं है। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**9.1 पूर्व अवधि में हुए राशि ₹8.26 लाख के निर्माण कार्यों के भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे :-**

ग्राम पंचायत प्रीणा के व्यय के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा संक्षिप्त निम्नविवरणनुसार (विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार) राशि **₹**826413 का भुगतान भुगतान जुलाई 2021 के दौरान किया गया जबकि यह बिल/वॉउचर पूर्व अवधि से सम्बन्धित है। इतने पुराने कार्यों का इतने समय तक भुगतान न करना एवं वर्तमान अवधि में बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति, बिना अभिलेखों,बिलों के भुगतान करना तथा इसमें अग्रवर्णित विविध अनियमितताओं के दृष्टिगत यह व्यय संदिग्ध प्रतीत होता है।

| क्रम. | वर्ष एवं अनुदान जिसमें कार्य निष्पादित किया | कुल राशि जिसका भुगतान जुलाई 2021 में किया गया (₹) | विलम्ब अवधि वर्षों में |
|---|---|---|---|
| 1. | 2019. VKVNY | ₹97950 | 2 वर्ष |
| 2. | 2010.Relief/CRF | ₹197500 | 10 वर्ष |
| 3. | 2012.BASP | ₹182586 | 09 वर्ष |
| 4. | 2015.VKVNY/SDP/ VMJS | ₹348377 | 06 वर्ष |
| | **कुल योग** | **₹826413.00** | |

**उक्त व्ययों के सम्बन्ध में पाई गई विविध वित्तीय व अन्य अनियमितााओं बारे**

1. उक्त अनुदानों के तहत करवाये गए विभिन्न निर्माण कार्यों में आपूर्तिकर्ता द्वारा कोई प्रॉपर बिल/टैक्स इनवॉइस जारी न करके केवल केश मैमों ही दिया गया है इस क्रय हेतु न तो कोई औपचरिकतायें पूरी की गई है और न ही इसे स्टॉक में इन्द्राज किया गया तथा न ही उद्योग (खनन विभाग) के दिशा-निर्देशों अनुसार XY(M) फार्म प्राप्त किया गया। उक्त कार्य हेतु क्रय सीमेंट के बिल/वाउचर उपलब्ध नहीं करवाए गए और न ही इनका स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज पाया गया।

2. उक्त निर्माण कार्यों के अंतर्गत मस्ट्रोलों को जारी करने का प्रस्ताव संख्या,दिनाँक अंकित नहीं है और न ही यह पंचायत के मस्ट्रोल रजिस्टर में दर्ज है इसके अतिरिक्त अधिकतर मस्ट्रोलों को इसमें कार्यरत मजदूरों, निर्माण व सतर्कता समिति इत्यादि के हस्ताक्षर नहीं पाये गए और न ही तत्कालीन प्रधान द्वारा कार्यरत मजदूरो की उपस्थिति को सत्यापित किया गया है एवं भुगतान केवल प्रधान के एकल हस्ताक्षर द्वारा ही पारित किये गए जोकि न केवल नियमानुसार अनुचित है अपितु यह संदिग्ध प्रतीत होता है।

3. उक्त निर्माण कार्यों के कार्य/स्वीकृति आदेश,तकनीकी व प्रशासनिक अनुमोदन, प्राक्कलन, कार्य विस्तार अनुमति, सतर्कता समिति रिपोर्ट, उपियोगिता प्रमाण पत्र, प्रारूप-34, मस्ट्रोल जारी करने का रजिस्टर इत्यादि अभिलेखों के बिना ही वर्ष 2010 व आगे करवाए गए कार्यों का भुगतान 2021 में किया जाने की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

4. इसके अतिरिक्त रिलीफ अनुदान के तहत करवाए गए कार्य के अंतर्गत मस्ट्रोल संख्या 23006 वर्ष 2011 में जारी किया गया जबकि मस्ट्रोल संख्या 23007 वर्ष 2010 में जारी किया गया था जोकि क्रमिक नहीं है इसी प्रकार उक्त अवधि में जारी मस्ट्रोलों में मजदूरी का भुगतान 150 प्रति दिवस की दर से किया गया एवं मिस्त्री को प्रति 185 की दर से भुगतान किया गया जबकि वर्ष 2010 में मजदूरी की दर 120 प्रति दिवस एवं मिस्त्री की दर 153 की दर से किया जाना अपेक्षित था। इस प्रकरण में न केवल अधिक भुगतान हुआ अपितु उक्त तथ्यों के दृष्टिगत पूरा भुगतान संदिग्ध प्रतीत होता है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनाँक 05-04-2024 द्वारा पंचायत सचिव को अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, उक्त भुगतान पुरानी अवधि के थे जिनको तत्कालीन सचिव व प्रधान द्वारा किया गया है लेकिन वर्णित आवश्यक/वांछित अभिलेख पंचायत रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है इनका भुगतान बिना औपचारिकताओं, प्रॉपर बिलों पर नहीं किया गया एवं न ही मस्ट्रोल रजिस्टर इत्यादि उपलब्ध है इस सम्बन्ध में तत्कालीन सचिव से जबाब लेकर विभाग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

उक्त तथ्यों एवं पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत उत्तर के दृष्टिगत उक्त किय गया व्यय संदिग्ध व अनियमित प्रतीत होता है अत: इस सम्बन्ध में अपना पक्ष ठोस तथ्यों व अभिलेखों सहित यथाशीघ्र प्रस्तुत करते हुए उक्त किये गए व्यय को न्योयचित ठहराया जाये तथा इसे अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र ही प्रेषित किया जाये अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति उचित स्रोत से करके शीघ्र ही सम्बन्धित खाते में जमा करवा दी जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

### 9.2 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹3 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें,कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची ,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत प्रीणा द्वारा राशि ₹300081/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।) जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-05 दिनाँक 05-04-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

अत: इस अनियमितता की सक्षम अधिकारी से कार्योतर स्वीकृति लेकर इस व्यय को नियमित करवाया जाए अन्यथा आवश्यक विधिवत औपचारिकतायें पूर्ण किये बिना की गई समस्त खरीद से हुई हानि की प्रतिपूर्ति उचित स्रोत से करके सम्बन्धित निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

### 9.3 रिलीफ अनुदान के अंतर्गत राशि ₹0.14 लाख का अधिक/अनुचित भुगतान बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के **चैप्टर-9 नियम 76** के अनुसार सम्बन्ध पंचायत का सचिव यदि कोई पंचायत निधि से किये गए अति संदाय/अधिक भुगतान, चाहे सदभाव से किया गया है, की तत्पर वसूली करने का जिम्मेदार होगा।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा रिलीफ/CRF अनुदान के तहत ब्रेस्टवाल स्क्रेन्णा-1st का कार्य 2010-11 में करवाया गया था परन्तु इस कार्य में कार्यरत श्रमिकों व मिस्त्री को हि०प्र० सरकार की अधिसूचना संख्या FIN-(PR)B(7)-33/2010 दिनाँक 07-09-2010 के अंतर्गत निर्धारित/अपेक्षित दर से भुगतान न करके निम्नविवरणनुसार राशि ₹13,980 का अधिक/अनुचित भुगतान किया गया जोकि अनुचित है।

| **वाउचर सं०/ दिनाँक** | **मस्ट्रोल संख्या व अवधि** | **कुल कार्य दिवस, दर व वास्तविक भुगतान (₹)** | **अपेक्षित भुगतान (₹)** | **अधिक भुगतान (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| 24/ | 23007/ | 230@150=34500 | 230@120=27600 | 230@30=6900 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 07-06-21 | 01-10-2010<br>30-10-2010 | 30@185=5550 | 30@153=4590 | 30@32=960 |
| 23/<br>07-06-21 | 23006/<br>01-11-2011<br>30-11-2011 | 172@150=25800<br>30@185=5550 | 172@120=20640<br>30@153=4590 | 172@30=5160<br>30@32=960 |
| | **कुल योग** | **₹71400** | **₹57420** | **₹13980** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनाँक 05-04-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि अधिक व्यय/भुगतान के सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अत: उक्त किये गए अधिक भुगतानों को तथ्यों, वांछित अभिलेखों व अन्य साक्ष्यों सहित न्योयचित ठहराया जाये अन्यथा उक्त नियमानुसार सम्बंधित सचिव से अधिक भुगतान की गई राशि की प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खाते में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये एवं इस प्रकार के अन्य प्रकरणों की भी विभागीय स्तर पर जांच की जाये ताकि किसी भी प्रकार से अधिक/अनुचित भुगतान की सम्भावना को पूर्णत: नकारा जा सके। अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

**9.4 राशि ₹3.64 लाख के मस्ट्रोलों के भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम **49(1)(2)** में वर्णित प्रावधानुसार ग्राम पंचायत द्वारा पारित भुगतान ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है। इसके अत्तिरिक्त इस अधिनियम के नियम 93(क) एवं अधिनियम 1994 की धारा 23 के अधीन गठित संकर्म समिति एवं नियम 108 के अनुसार सतर्कता समिति पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेगी। पंचायत प्रीणा के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अग्रतालिका के विवरणनुसार कुल राशि ₹364161/- का व्यय किया गया। जिसमें निम्नलिखित विभिन्न अनियमिततायें पाई गई:-

| **क्र०स०/ अनुदान** | **निर्माण कार्य** | **मस्ट्रोल संख्या** | **वाउचर/ दिनाँक** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| th FC1.15 | कार्य:गंदा जल निकास नाली चमन हाउस से रतन हाउस | 28904/<br>28905 | 11 & 12/<br>12-05-2022 | 37104 |
| th FC2.15 | कार्य : रास्ता निर्माण अननेहर से अवारकुड | 26496 | 16/<br>12-05-2022 | 55800 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. VKVNY 19-2018 | कार्य: पक्का पाथ अपर प्रीणा से मामल कुंड | 21746 | 22/ 06-07-2021 | 33210 |
| 4.Relief 2011 | कार्य: ब्रेस्ट वाल GPS स्क्रेणा | 23006/ 23007 | 23 & 24/ 06-07-2021 | 71400 |
| 5.BASP 2015 | कार्य : खेल मैदान GPS रैणा | 23015 | 34/ 06-07-2021 | 82350 |
| 6.VMJS 2015 | कार्य: सामुदायिक भवन चन्हेला | 24275 | 35/ 06-07-2021 | 66300 |
| 7.SDP | कार्य : पनिहार सरना | 24232 | 18/ 13-05-2022 | 17997 |
| | | | **कुल योग** | **₹364161** |

1. मस्ट्रोल पर सतर्कता एवं निर्माण समिति के हस्ताक्षर न करवाने बारे।
2. प्रधान एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही भुगतान करने बारे।
3. मस्ट्रोल में दर्ज कुल मजदूरों की उपस्थिति को प्रधान द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।
4. मस्ट्रोल में अन्य विवरण जैसे: प्रस्ताव संख्या, दिनाँक ,कार्य का नाम , कार्य शुरू करने एवं समाप्ति की तिथि इत्यादि का विवरण अपूर्ण पाया गया।

